## संपादकीय

# विपक्षी राजनीति का क्या होगा?

अब अचानक सारी चीजें थम गई हैं। विपक्षी मोर्चे का पहला मुकाम राष्ट्रपति का चुनाव होने वाला था, जिसका खेला अब खत्म हो गया है। पांच में से चार राज्यों में भाजपा को मिली जीत के बाद विपक्ष की उम्मीदें खत्म हैं। विपक्षी नेताओं की ओर से की जा रही पहल का निष्कर्ष यह था कि अगर भाजपा उत्तर प्रदेश में चुनाव हारती तो विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार उतारा जाता। पांच राज्यों में हुए हाल के विधानसभा चुनावों के दौरान विपक्षी पार्टियां गजब राजनीति करती दिख रही थीं। जो पार्टियां इन पांच राज्यों में चुनाव लड़ रही थीं उनको छोड़ कर बाकी प्रादेशिक पार्टियों के नेता जबरदस्त भागदौड़ कर रहे थे। ममता बनर्जी, एमके स्टालिन, के चंद्रशेखर राव, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव आदि प्रादेशिक क्षत्रपों का इन पांच राज्यों में कुछ भी दांव पर नहीं लगा था लेकिन इनके नतीजों से पहले ये सारे नेता विपक्ष का मोर्चा बनाने या भाजपा विरोधी राजनीति के दांव-पेंच में लगे थे। ममता दिल्ली-मुंबई की दौड़ लगा रही थीं तो चंद्रशेखर राव दिल्ली-मुंबई-रांची की दौड़ लगा रहे थे। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संघीय मोर्चा बन रहा था और दिल्ली या हैदराबाद में विपक्षी मुख्यमंत्रियों की बैठक होने वाली थी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष का साझा उम्मीदवार तय किया जाना था। लेकिन अब अचानक सारी चीजें थम गई हैं। विपक्षी मोर्चे का पहला मुकाम राष्ट्रपति का चुनाव होने वाला था, जिसका खेला अब खत्म हो गया है। पांच में से चार राज्यों में भाजपा को मिली जीत के बाद विपक्ष की उम्मीदें खत्म हैं। विपक्षी नेताओं की ओर से की जा रही पहल का निष्कर्ष यह था कि अगर भाजपा उत्तर प्रदेश में चुनाव हारती तो विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार उतारा जाता। शरद पवार को साझा उम्मीदवार के तौर पर देखा जा रहा था। लेकिन उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। देश में उसके अपने विधायकों की संख्या 1,543 है और दोनों संसद के दोनों सदनों में उसके सदस्यों की संख्या चार सौ है। अगर उसकी सहयोगी पार्टियों के विधायकों और सांसदों की संख्या जोड़ दें तो राष्ट्रपति चुनने वाले इलेक्टोरल कॉलेज में भाजपा के पास 40 से 45 फीसदी तक वोट हो जाते हैं। उसके बाद जिस राज्य या समूह के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया जाता है उसका वोट आमतौर पर मिल जाता है। सो, भाजपा बहुत आसानी से राष्ट्रपति के अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कर लेगी। इसके बाद विपक्ष का दूसरा प्रयास राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के खिलाफ एक संघीय मोर्चा बनाने का है। यह एक बड़ा मुद्दा है और दक्षिण भारत के राज्यों ने इसे बहुत गंभीरता से लिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और उनके वित्त मंत्री ने इस मसले पर विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की है। जीएसटी में राज्यों का हिस्सा कम होने या मुआवजे की समय सीमा दो साल और बढ़ाने का मसला संसद के चालू बजट सत्र में भी विपक्षी पार्टियों ने उठाया है। इसके अलावा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी घटने और बीएसएफ का दायरा राज्यों के अंदर 50 किलोमीटर तक करने के मामले में भी राज्यों में एकजुटता है। ऐसा लग रहा था कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होते ही विपक्षी मुख्यमंत्रियों की बैठक दिल्ली में होगी लेकिन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद इस मसले पर भी पार्टियां सुस्त पड़ गई हैं। तीसरा प्रयास भाजपा के खिलाफ एक साझा राजनीतिक मोर्चा बनाने का है। इसकी पहल कैसे होगी और कौन करेगा यह यक्ष प्रश्न है। कांग्रेस पार्टी अंदरूनी कलह से जूझ रही है। पार्टी के नेता आलाकमान से अलग बैठकें कर रहे हैं और पार्टी में बड़ी टूट का अंदेशा भी जताया जा रहा है। अगर अगले दो-तीन महीने में कांग्रेस अपने को संभालती है और अगस्त से पहले तक पार्टी एक पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव करके संगठन को मजबूत करती है फिर उम्मीद की जा सकती है कि कांग्रेस विपक्षी मोर्चा बनाने की पहल का केंद्र रहेगी।

-अजीत द्विवेदी

# यूक्रेन संकट के बीच भारत से गेहूं निर्यात बढ़ाने की योजना



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में गेहूं के निर्यात में रिकॉर्ड उछाल के बीच कृषि उपज एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) देश से गेहूं के निर्यात को और अधिक प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यूक्रेन-रुस की लड़ाई के कारण वैश्विक खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान को कम करने के लिए एजेंसियों को भारत से अनाज का निर्यात बढ़ाने के प्रयास करने को कहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की हाल की रपट के अनुसार यूक्रेन युद्ध में शामिल देशों का विश्व के गेहूं निर्यात बाजार में करीब एक तिहाई योगदान है। लड़ाई छिड़ने के बाद वैश्विक बाजार में गेहूं का भाव गत सितंबर की तुलना में एक समय दो गुना हो गया था। अब भी गेहूं का भाव 60 प्रतिशत से अधिक ऊंचा है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत गेहूं निर्यात के लिए मिस्र, तुर्की, चीन, बोस्निया, सूडान, नाइजीरिया, ईरान आदि देशों के साथ चर्चा कर रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2021-22 (अप्रैल-जनवरी) में गेहूं का निर्यात एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 387 प्रतिशत बढक़र 1.74 अरब डालर से अधिक रहा।

भारत ने पिछले तीन वर्षों में 2.35 अरब डालर का गेहूं निर्यात किया है, जिसमें चालू वित्त वर्ष 2021-22 के पहले दस महीने का निर्यात शामिल हैं।

वर्ष 2019-20 में, गेहूं का निर्यात 6.2करोड़ अमरीकी डालर था जो 2020-21 में बढक़र 55 करोड़ डॉलर हो गया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत मिस्र को गेहूं का निर्यात शुरू करने के लिए अंतिम बातचीत कर रहा है, जबकि गेहूं निर्यात शुरू करने के लिए तुर्की,चीन, बोस्निया, सूडान, नाइजीरिया, ईरान आदि देशों के साथ चर्चा चल रही है।

वाणिज्य मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार एपीडा ने मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार गेहूं का निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख हितधारकों की एक बैठक 17 मार्च आयोजित की थी।

बैठक की अध्यक्षता एपीडा के अध्यक्ष डॉ. एम. अंगमुथु ने की और इसमें व्यापारियों, निर्यातकों, बंदरगाह अधिकारियों, खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों, रेलवे और विभिन्न राज्य सरकारों के अधिकारियों के नीति प्रभावितों जैसे प्रमुख हितधारकों की भागीदारी थी।

बैठक में रेलवे ने अतिरिक्त गेहूं परिवहन की किसी भी तत्काल मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रैक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

बंदरगाह अधिकारियों को गेहूं के लिए समर्पित कंटेनरों के साथ-साथ समर्पित टर्मिनलों को बढ़ाने के लिए भी कहा गया है।

गेहूं के बंपर उत्पादन अनुमान को देखते हुए एपीडा ने सभी हितधारकों से कहा है कि वे परेशानी मुक्त गेहूं निर्यात की सुविधा के लिए अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करें।

भारत ने पिछले तीन वर्षों में 2.35 अरब डालर का गेहूं निर्यात किया है, जिसमें चालू वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 10 महीने का निर्यात शामिल हैं।

वर्ष 2019-20 में, गेहूं का निर्यात 6.2 करोड़ अमेरिकी डालर था जो 2020-21 में बढक़र 55 करोड़ डॉलर हो गया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत मिस्र को गेहूं का निर्यात शुरू करने के लिए अंतिम बातचीत कर रहा है, जबकि गेहूं निर्यात शुरू करने के लिए तुर्की, चीन, बोस्निया, सूडान, नाइजीरिया, ईरान आदि देशों के साथ चर्चा चल रही है।

2020-21 में, भारत ने यमन, अफगानिस्तान, कतर और इंडोनेशिया जैसे नए गेहूं बाजारों में प्रवेश किया।

वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में भारतीय गेहूं के लिए शीर्ष दस आयात करने वाले देश बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, यमन, अफगानिस्तान, कतर, इंडोनेशिया, ओमान और मलेशिया थे। 2020-21 में भारत के गेहूं निर्यात में शीर्ष दस देशों की मात्रा और मूल्य दोनों दृष्टि से 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

एपीडा के अध्यक्ष डॉ एम अंगमुथु ने कहा, हम राज्य सरकारों और निर्यातकों, किसान उत्पादक संगठनों, ट्रांसपोर्टरों आदि जैसे अन्य हितधारकों के सहयोग से अनाज निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मूल्य श्रृंखला में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहे हैं।

विश्व गेहूँ निर्यात में भारत की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। हालांकि, इसका हिस्सा 2016 में 0.14 प्रतिशत से बढक़र 2020 में 0.54 प्रतिशत हो गया है। 2020 में विश्व के कुल उत्पादन में लगभग 14.14 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत गेहूं का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

## भारतीय उद्यमियों के साथ बैठक में भाग लेंगे आस्ट्रिया के मंत्री शालेनबर्ग

**नई दिल्ली।** आस्ट्रिया के अंतरराष्ट्रीय एवं यूरोपीय मामलों के संघीय मंत्री एनलेक्सन्डर शालेनबर्ग एक उच्चस्तरीय व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वह यहां सरकार के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करने के साथ-साथ भारतीय उद्यमियों से भी मिलेंगे।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा कि श्री शालेनबर्ग के साथ वहां के व्यवसायियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी होगा। व्यावसायिक प्रतिनिधियों का नेतृत्व आस्ट्रिया के संघीय उद्योगमंडल-आस्ट्रियन फेडरल इकोनामिम चैम्बर (एफईसी) की उपाध्यक्ष कारमेन गोबी करेंगी। सीआईआई ने कहा है कि वह श्री शालेनबर्ग और उनके साथ आ रहे व्यवसायियों के साथ अपने चुनिंदा सदस्यों की एक बैठक 22 मार्च को आयोजित करने जा रहा है। उद्योगमंडल का कहना है कि इस कार्यक्रम में दोनों देशों के उद्यमियों को आपस में भागीदारी की संभावनाओं पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

## भारत-जापान भागीदारी को गहन करना पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण: प्रधानमंत्री मोदी



**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के साथ भारत की भागीदारी को और गहन किए जाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह ना केवल दोनों देशों बल्कि पूरी दुनिया में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रिय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर आपसी सहयोग को आगे और बढ़ाने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर भी परस्पर सहयोग पर नयी प्रतिबद्धता जतायी है। जापान, भारत में विदेशी निवेश के मामले में एक प्रमुख भागीदार है और जापान की कंपनियां विश्व के लिए भारत में विनिर्माण के भारत के प्रयासों की ब्रांड एम्बेसडर हैं।

श्री मोदी भारत यात्रा पर आए जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के साथ राजधानी में शिखर बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में भारत-जापान भागीदारी को और गहन करना सिर्फ दोनों देशों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र और पूरे विश्व के स्तर पर भी शांति, समृद्धि और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हमें प्रसन्नता है कि वर्ष 2014 में दोनों देशों ने भारत में जापान से 3.5 लाख करोड़ येन के निवेश का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा कर लिया गया है। हमनें पांच वर्षों में पांच लाख करोड़ येन (तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपए) के निवेश का नया लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि जापान भारत में वैश्विक निवेश सबसे विश्वसनीय और बड़ा भागीदार है।

## एनएमडीसी ने 4 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) ने एक साल में चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक उत्पादन का यह लक्ष्य तय करने वाली एनएमडीसी पहली कंपनी है और इसने वर्ष 2030 तक वार्षिक 10 करोड़ टन के उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

कंपनी ने 60 के दशक के आखिरी वर्षों में 4 लाख सालाना उत्पादन के साथ काम शुरू किया था। वर्ष 1977-78 में इसका उत्पादन एक करोड़ टन और 2004-05 में तीन करोड़ टन तक पहुंच गया था।

इस्पात मंत्रालय ने कहा कि कंपनी इस समय अत्याधुनिक प्रद्यौगिकी का इस्तेमाल कर रही है और इसने डिजिटल ढांचे का इस्तेमाल कर अपने कारोबार के तौर-तरीकों में सुधारकर कोविड के कारण आयी मंदी और समय-समय पर उतार-चढ़ाव का सामना किया है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंधन निदेशक सुमित देब ने कहा कि एनएमडीसी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए सालाना चार करोड़ के लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली कंपनी बन गयी है। तमाम बाधाओं के बावजूद कंपनी ने चुनौतियों का सामने करने की क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

## टाटा 1एमजी ने की पहली उन्नत स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला दिल्ली में शुरु की




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य मंच टाटा 1एमजी ने दिल्ली में एक उन्नत जांच प्रयोगशाला की शुरूआत की जिसमें एक घंटे में 4000 तक नमूनों की जांच हो सकती हैं। है। टाटा 1एमजी ने विज्ञप्ति में बताया कि 24000 वर्ग फुट में फैली इस डाक्टरी जांच प्रयोगशाला में बाहर से भेजे गए नमूनों की जांच होगी।

इस प्रयोगशाला से कंपनी की देशभर में नौ प्रयोगशालाएं हो गयी हैं जिनके माध्यम से हर वर्ष 30 शहरों के दस लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की जाती है।

पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ इंदु भूषण ने कहा, समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले डायग्नोस्टिक जांचें, मरीजों के स्वास्थ्य प्रबंधन में निर्णय प्रक्रिया के आधार हैं। टाटा 1एमजी जैसे निजी संगठनों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की लगातार पहुंच को सुनिश्चित करने में दृढ़ता से भाग लें।

टाटा 1एमजी के सह-संस्थापक गौरव अग्रवाल ने कह,हम अपने मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लाखों ग्राहकों द्वारा प्रदर्शित विश्वास से खुश हैं और हम देश भर में उपभोक्ताओं, डॉक्टरों और देखभाल करने वालों के लिए स्वास्थ्य ब्रांड की पहली पसंद बनने के लिए अपनी पेशकशों को और मजबूत करने और अपने नेटवर्क एवं विशेषज्ञता को बढ़ाना जारी रखेंगे।

## ओटीटी पर रिलीज होगी विक्रम प्रभु की फिल्म तानाक्करन



निर्देशक तमीज की बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा तानाक्करन, जिसमें अभिनेता विक्रम प्रभु, अंजलि नायर और लाल मुख्य भूमिका में हैं, डिज्नी प्लस हॉटस्टार तमिल पर रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर ले जाते हुए, अभिनेता विक्रम प्रभु ने फिल्म का एक पोस्टर डाला और कहा कि हियर यू गो, तानाक्करन जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार तमिल पर रिलीज होगी।

फिल्म ने कई कारणों से बड़ी उम्मीदें जगाई हैं। प्राथमिक कारणों में से एक यह है कि इसे तमीज द्वारा निर्देशित किया गया है, जिन्होंने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कोर्ट रूम ड्रामा, जय भीम में प्रतिपक्षी (एक पुलिस अधिकारी) की भूमिका निभाई थी।

कम ही लोग जानते हैं कि निर्देशक तमीज फिल्म निर्देशक बनने से पहले एक पुलिस अधिकारी थे।

तमीज ने बताया था कि मैं लगभग 12 वर्षों तक एक पुलिसकर्मी था। मैंने तिहाड़ सहित कई जगहों पर सेवा की है। 2014 में, मैंने फिल्मों में प्रवेश करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी।

तानाक्करन एक पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज की कहानी है। लाल पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में एक प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं, और विक्रम प्रभु एक कैडेट की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है।

## तापसी की मिशान इम्पॉसिबल का ट्रेलर हुआ रिलीज



तेलुगु स्टार महेश बाबू ने तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म मिशान इम्पॉसिबल का ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर में कई दिलचस्प पहलू दिखाए गए हैं। तीन साहसी और तेजतर्रार बच्चे अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को पकडऩे की अपनी यात्रा शुरू करते हैं। इन परिस्थितियों में उन्हें कई चुनौतियों का का सामना करना पड़ता है। कॉमेडी मिशान इम्पॉसिबल के ट्रेलर का अहम हिस्सा है। तीनों बच्चे अपना परिचय रघुपति, राघव और राजा राम के रूप में देते हैं। तापसी, जिन्हें बच्चों के लिए मेंटर के रूप में माना जा सकता है, एक टाइटैनिक भूमिका में दिखाई देती हैं। कुछ दृश्यों में, उसे टूटे हाथ के साथ देखा जा सकता है, क्योंकि वह मामले में गहराई से शामिल हो जाती है। बेहतरीन ट्विस्ट के साथ, ट्रेलर दिलचस्प होने के साथ-साथ मनोरंजन भी करता है।

## आज का राशिफल

***मेष*** :आज किसी काम को लेकर आपको जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। व्यापार में आपको उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आप अपने बढ़ते खर्च को नियंत्रण करने का प्लान बनायेंगे।

***वृष*:**आज आपका उदार भाव लोगों को काफी प्रभावित करेगा। आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। किसी काम में आपको दोस्त की मदद मिलेगी। आज आप रिश्तों की गंभीरता को समझने की कोशिश करेंगे।

***मिथुन* :**कई दिनों से रुके हुये कार्य पूरा करने में सफल होंगे। परिवार में आपका पॉजिटिव व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा। विवाहितों को संतान सुख की प्राप्ति होगी। कोई भी पारिवारिक फैसला लेने से पहले परिवारवालों की राय लेना बेहतर होगा।

***कर्क* :**आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। सामाजिक स्तर पर आपका रुतबा बढ़ेगा। जीवनसाथी से खुशखबरी मिलने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। कोई खास दोस्त आज आपसे आर्थिक मदद के लिए कहेगा। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा।

***सिंह* :**आज आपका आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगा। आपसी विश्वास के सहारे पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। इस की महिलाओं को आज कोई खास सफलता मिलेगी। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा।

***कन्या* :**आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे। इस के विद्यार्थिओं को करियर में सफलता मिलेगी। के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

***तुला* :**आज आप किसी घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। घरवालों के साथ बेहतर तालमेल बनाने में आप सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों का इन्क्रीमेंट और पदोन्नति होने का योग बन रहा है। आज सोशलसाइट पर आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

***वृश्चिक* :**आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। निवेश के मामले में आपको सावधानी बरतनी चाहिए, अगर कहीं निवेश कर रहे हैं तो पहले उस विषय से जुडें लोगों से सलाह अवश्य ले लें।

***धनु* :**आज आपका ध्यान आध्यात्म की ओर अधिक लगा रहेगा। इस के विद्यार्थियों को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है।

***मकर* :**आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आपके रुके हुए काम घरवालों की मदद से पूरे होंगे। इस के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। सरकारी नौकरी करने वालों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

***कुंभ* :**आज आप खुद के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आपके दाम्पत्य रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर प्राप्त होगा। पैसों के सिलसिले में थोड़ा सोच समझ कर फैसला लेना बेहतर होगा।

***मीन*** :आज आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आप पूरे दिन खुद को ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नये प्लान बनायेंगे। जिससे आगे चलकर आपको फायदा भी होगा।

## 'क्रंची मिनी पोटैटो पेनकेक'



शाम की चाय के साथ कुछ गरमा-गरम, क्रंची-मची सा खाने का मिल जाए तो मजा ही जाए। तो आज हम आपको बता रहे हैं एक ऐसी ही स्नैक्स रेसिपी।

**सामग्री :**

आलू- 1 कप (कद्दूकस किया), चावल का आटा- 1/2 कप, हरा धनिया- 1/4 कप (बारीक कटा), हरी मिर्च- 2 टीस्पून (बारीक कटी), मूंगफली- 2 टेबलस्पून (दरदरी पीसी), नमक- स्वादानुसार, तेल- जरूरत के अनुसार, हरी चटनी- 2 टीस्पून, टोमैटो कैचप- 2 टीस्पून

**विधि :**

एक बाउल में सभी इंग्रेडिएंट्स और एक कप पानी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब एक पैन गरम करें और उस पर थोड़ा सा तेल लगा दें। फिर पैन में दो टेबलस्पून मिक्सचर डालकर टिक्की के शेप में फैला दें और दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लें। फिर इसी तरह बाकी के बचे मिक्सचर से और टिक्की बना लें। फिर एक टिक्की लें और उसके ऊपर हरी चटनी लगा लें। फिर उसके ऊपर दूसरी टिक्की रखें और ऊपर से टोमैटो कैचप लगा दें फिर तीसरी टिक्की ऊपर से रख दें और गरमा-गर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 17

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल



## सू-दोकू- 17

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.016का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |